*खंड 20*

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

नव वर्ष की शुभकामनाएं! 2021 में एक नई शुरुआत करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूँ। 2020 में मजबूती से टिके रहने, कड़ी मेहनत करने, धैर्य रखने, और साहस दिखाने के लिए मैं हमारे सभी हितधारकों का धन्यवाद करती हूँ। कठिनाई के इस दौर के बावजूद मैं इस स्कूल वर्ष को मजबूती से समाप्त करने की आशा करती हूँ।

मैं हमारे स्टाफ का भी धन्यवाद करना चाहती हूँ जिसने पूरी ज़िम्मेदारी के साथ ऐसी चीज़ों को अंजाम दिया जो शिक्षा के इतिहास में इससे पहले पूरी नहीं की गई थी, और इसके लिए डिस्ट्रिक्ट उनका आभारी है। इस सप्ताह स्कूलों की फ़ील्ड विज़िट के दौरान अनेक शिक्षकों को वापस लौटता देख मुझे रोमांच का अनुभव हुआ। कई लोगों ने हमारे विद्यार्थियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और स्कूल वापस लौटने पर उत्साह का प्रदर्शन किया। अपनी विज़िट के दौरान, मुझे सुरक्षा संकेतों, हैंड सेनीटाइज़र स्टेशनों, और वर्चुअल स्टाफ बैठकों का निरीक्षण करने का अवसर प्राप्त हुआ। हाइब्रिड शिक्षा की दिशा में बढ़ते हुए, कृपया मैं आपकी चिंताओं को दूर करने के लिए मौजूद हूँ। मैं चुनौतियों को कम नहीं आंक रही हूँ, लेकिन आपके प्रयासों क देखते हुए मुझे प्रेरणा का एहसास हो रहा है।

**भवन तत्परता**

आमने-सामने की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक सुरक्षित और सुदृढ़ वातावरण हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। ऑपरेशन्स टीम प्रत्येक सुविधा सुनिश्चित करने वास्ते भवन तत्परता मानकों का उपयोग कर रही है और स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों का वापस शिक्षा के एक सुरक्षित वातावरण में स्वागत करने को तैयार है। DCSD स्कूल तत्परता में निम्नलिखित की मुख्य रूप से निगरानी शामिल है:

- व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण (PPE) और स्वच्छता आपूर्ति
- साफ-सफाई आपूर्ति और प्रक्रियाओं का वितरण
- सोशल डिस्टेन्सिंग के नियमों का पालन करते हुए बैठने की व्यवस्था और उनके बीच की दूरी
- पानी की सुविधा
- पाइपलाइन और HVAC प्रणालियाँ
- COVID-19 स्कूल सुरक्षा संकेत

वैसे तो DCSD स्कूल फिर से खोलने के लिए तैयार है, किन्तु DCSD सुविधाओं की तैयारी की दर 75% है। भवन तत्परता का कार्य जारी है और विद्यार्थियों और स्टाफ के आमने-सामने की शिक्षा व्यवस्था में वापस लौटने के बाद भी डिस्ट्रिक्ट प्राधिकरण द्वारा भवन का दौरा और नई दिनचर्या और सुरक्षा नियमों की निगरानी की जाती रहेगी।

जैसा कि नए वर्ष से पहले बताया गया था, CDC के नए दिशानिर्देशों के आधार पर विज्ञान का विकास हुआ है जिसमें सकारात्मक्ता दर और स्कूलों में COVID-19 फैलने के जोखिम को कम करने वास्ते पाँच मुख्य शमन रणनीतियों को लागू करने की स्कूलों की क्षमता शामिल है। इस महामारी के दौरान हमारे स्टाफ और विद्यार्थियों को सुरक्षित रखने के लिए इन रणनीतियों को लागू करना महत्वपूर्ण है।

**शमन रणनीतियां**

स्कूल में COVID-19 की शुरुआत और संचरण के जोखिम स्तर को और कम करने की CDC की पाँच मुख्य शमन रणनीतियाँ इस प्रकार से हैं:

- मास्क का निरंतर और सही उपयोग
- जितना अधिक संभव हो सोशल डिस्टेन्सिंग
- हाथों की धुलाई
- सफाई और कीटाणु नाशन
- DeKalb स्वास्थ्य बोर्ड के सहयोग से संपर्क अनुरेखण

हम विद्यार्थियों को अभी इन रणनीतियों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, ताकि स्कूल में फिर से प्रवेश करते समय वे मास्क पहनने, सोशल डिस्टेन्सिंग रखने, और हाथों की धुलाई करने की प्रक्रियाओं से परिचित हो जाएं और उन्हें अपनी आदतों में शामिल कर लें।

वैसे तो हाथों की धुलाई कीटाणुओं को फैलने से रोकने और COVID-19 वायरस फैलने के जोखिम को कम करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है, CDC के अनुसार, साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकंड तक हाथों की ढुलाई करना या साबुन और पानी तुरंत उपलब्ध नहीं होने पर कम से कम 60% एल्कोहौल आधारित हैंड सेनीटाइज़र का उपयोग बीमारी उत्पन्न करने वाले कीटाणुओं के प्रसार को कम करता है। गरम और ठंडे दोनों प्रकार के पानी से आपके हाथों के समान संख्या के कीटाणु हटते हैं।

COVID-19 के प्रसार को कम करने वास्ते सभी सुरक्षा नियम रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) और DeKalb काउंटी स्वास्थ्य बोर्ड द्वारा जारी स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के अनुसार हैं। हाथों की उचित धुलाई पर अधिक जानकारी के लिए, कृपया CDC वेबसाइट पर जाएं, और ऑपरेशन्स COVID-19 संबंधी दिशानिर्देशों के लिए, कृपया https://www.dekalbschoolsga.org/school-reopening/safety-protocol/ पर जाएं।

**कर्मचारी और वैकल्पिक कार्य असाइनमेंट**

हम समझते हैं कि कर्मचारी अपने परिवारों के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं और हमारे विद्यार्थियों और डिस्ट्रिक्ट के समर्थन के लिए उनकी तंदुरुस्ती ज़रूरी है। हमारे कुछ कर्मचारियों ने कष्ट अनुरोध जमा किया है, जो कि ऐसी विधि होती

है जिसके जरिए आप भवन या अपने निर्धारित कार्य पर वापस लौटने से संबंधित चिंता या समस्या का लिखित में वर्णन करते हैं। सभी कर्मचारी कष्ट अनुरोध कर सकते हैं। हालांकि, हो सकता है सभी कर्मचारियों के लिए वैकल्पिक कार्य असाइनमेंट (AWA) एक जैसी नहीं हो। AWA कर्मचारियों के मुख्य कर्तव्यों पर आधारित होती है। यदि कर्मचारियों का कार्य आमने-सामने रहने का है, तब दूरस्थ रूप से कार्य करने की अवधि को बढ़ाया नहीं जाना चाहिए। एक अन्य विकल्प पर विचार किया जाना चाहिए, जैसे कि समायोजित कार्य कार्यक्रम या वैकल्पिक कार्य स्थान/क्षेत्र।

पात्र कर्मचारी विकलांग अमेरिकी अधिनियम (ADA) के तहत आवास की अहर्ता प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं। वे कर्मचारी, जो मानते हैं कि उन्हें कोई बीमारी है और ADA आवास के पात्र हैं, उन्हें इस प्रक्रिया को आरंभ करने के लिए ADA आवेदन को पूरा का समर्थन में चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रदान करना चाहिए। मानव संसाधन संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया में सहायता करने और, मंजूरी मिलने पर उपयुक्त योजना बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चिंता व्यक्त करने या प्रश्न पूछने के लिए, कृपया अपने तात्कालिक पर्यवेक्षक से संपर्क करें। यदि आप तुरंत वापस लौटने में असमर्थ थे, तो मुझे पता है यह एक कठिन निर्णय था। कृपया आश्वस्त रहें कि यदि आपने अस्थायी कष्ट अनुरोध जमा किया था, तो आपकी चिंताओं की समीक्षा और उसके ऊपर विचार डिस्ट्रिक्ट द्वारा किया गया है। सभी कष्ट अनुरोध आवेदनों की समीक्षा और पूर्ति 2 फरवरी, 2021 तक 30 दिन की अवधि के लिए की जाएगी। फॉर्म मानव संसाधन प्रभाव संसाधन पेज के तहत कर्मचारी पोर्टल पर उपलब्ध हैं। एक बार फिर से, कठिनाई के इस दौर में आपकी कड़ी मेहनत और मजबूती से टिके रहने के लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूँ।

### DCSD परिवार

जब तक कि हमारे परिवार फिर से प्रवेश के विकल्प पर निर्णय लेते हैं, कृपया वर्चुअल शिक्षा, परिवहन, सुरक्षा नियमों, आदि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी के लिए फिर से खोले जाने से जुड़ी साइट पर जाते रहें। मैं हमारे परिवारों को वर्चुअल कम्युनिटी इनपुट बैठक के लिए 11 जनवरी, 2021 को सुबह 11:30 बजे हमारी बोर्ड बैठक देखने के लिए भी प्रोत्साहित करती हूँ। हम आमने-सामने की शिक्षा व्यवस्था के संबंध में महत्वपूर्ण नई जानकारी प्रदान करेंगे। आप DeKalb काउंटी में चैनल 24 पर या ऑनलाइन DSTV पर इस बैठक को देख सकते हैं।

शनिवार, 9 जनवरी को हम स्कूल रिसोर्स ऑफिसर दिवस मनाने जा रहे हैं। हम अपने स्कूल रिसोर्स ऑफिसर्स का हमारे विद्यार्थियों, स्टाफ, परिवारों, और समुदाय की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद करना चाहेंगे।

अंत में, हमारे कई विद्यार्थियों, स्टाफ, और परिवारों ने इस सप्ताह हमारे देश की राजधानी पर हुए हमले के कारण नागरिक असंतोष देखा। ये तस्वीरें हमारे युवा विद्यार्थियों को परेशान करने और डरा देने वाली थी। आइए साथ मिल कर विभिन्न विचारों पर एक सकारात्मक और नेक बातचीत सुनें और इसके लिए एक माहौल तैयार करें। चुनौतीपूर्ण 2020

का अनुभव करने के बाद, हमारे विद्यार्थियों को उनकी चिंताओं और विचारों को व्यक्त करने के लिए हमारी सहायता और एक सुरक्षित स्थान की आवश्यकता है।

मैं एक उज्ज्वल 2021 की कामना करती हूँ और हमारे मजबूत गाँव को आगे और उन्नत दिशा में बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ!

आपकी #1 चीयरलीडर,

Cheryl Watson-Harris